POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति – दिनाकं 04.06.2024

1.थाना जेवर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान जनपद अलीगढ से ट्रैक्टर ट्राली चोरी करने वाला 01 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का एक ट्रैक्टर मय ट्राली बरामद।

घटना/कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 04/06/2024 को पीआरवी कन्ट्रोल के माध्यम से पीआरवी 1272 जेवर को सूचना मिली कि एक ट्रैक्टर मय ट्राली के थाना क्षेत्र गभाना अलीगढ़ से चोरी हो गया है। इस सूचना पर थाना जेवर पुलिस द्वारा दौराने चैकिंग मय पीआरवी 1272 पर नियुक्त कर्मचारीगण द्वारा पीछा करके अभियुक्त चन्द्रशेखर पुत्र सतीश नि0 ग्राम जरारा थाना खैर जिला अलीगढ को गोपालगढ देशी ठेके के पास से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी का एक ट्रैक्टर नं0 यूपी 81 डीएफ 7717 मय ट्राली सोनालिका डीआई 35 बरामद किया गया है। बरामद ट्रैक्टर के सम्बन्ध में जानकारी की गयी तो उक्त ट्रैक्टर अभियुक्त चन्द्रशेखर द्वारा थाना गभाना अलीगढ से चोरी किया गया था। ट्रैक्टर चोरी के सम्बन्ध में थाना गभाना पर मु0अ0सं0 211/24 धारा 379 भादवि पंजीकृत है। अभियुक्त शातिर चोर है जो पूर्व में भी जेल जा चुका है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--

1. चन्द्रशेखर पुत्र सतीश नि0 जरारा थाना खैर जिला अलीगढ

पंजीकृत अभियोगों का विवरण--

1. मु0अ0सं0 199/2024 धारा 411/414 भादवि थाना जेवर गौतमबुद्धनगर
2. मु0अ0सं0 189/2024 धारा 3/25 आयुध अधि0 व 414 भादवि थाना बीटा 02 गौतमबुद्धनगर
3. मु0अ0सं0 526/2022 धारा 379/411 भादवि थाना सासनी गेट अलीगढ
4. मु0अ0सं0 403/23 धारा 414 भादवि थाना सासनी गेट अलीगढ
5. मु0अ0सं0 399/23 धारा 379/411 भादवि थाना सासनी गेट अलीगढ
6. मु0अ0सं0 495/23 धारा 379/411 भादवि थाना खैर अलीगढ
7. मु0अ0सं0 211/2024 धारा 379/411 भादवि थाना गभाना अलीगढ

बरामदगी का विवरण--

1. अभियुक्त के कब्जे से चोरी का एक ट्रैक्टर नं0 यूपी 81 डीएफ 7717 मय ट्राली सोनालिका डीआई 35 बरामद हुआ है।